## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, बलरामपुर।

पत्रांकः 1251/एस0टी0/2023–24 दिनाँकः 20-01-2024

## कार्यालय ज्ञाप

मुख्य निर्वाचन अधिकारी महोदय, उ0प्र0 की अध्यक्षता में दिनाँक 03.01.2024 को आयोजित वी0सी0 में दिनाँक 25 जनवरी, 2024 को चौदहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश निर्गत किया गया है। चौदहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम **"Nothing like voting, I vote for sure" "वोट जैसा कुछ नहीं, वोट ज़रूर डालेंगे हम"** है।

उच्च स्तर से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में निम्नानुसार कार्यक्रम/गतिविधियाँ आयोजित किया जाना प्रस्तावित हैः–

| क्र0सं0 | कार्यक्रम/गतिविधियाँ | उत्तरदायी अधिकारी |
|---|---|---|
| 1 | दिनाँक 25.01.2024 को जनपद स्तर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस–2024 का आयोजन किया जायेगा। अवकाश की स्थिति में यह कार्यक्रम दिनाँक 24.01.2024 को आयोजित किया जायेगा। | समस्त जनपद स्तरीय अधिकारीगण। |
| 2 | जिला मुख्यालय सहित समस्त शासकीय कार्यालयों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, मतदाता पंजीकरण केन्द्र, बूथ स्तर आदि पर मतदाता शपथ ग्रहण का आयोजन दिनाँक 25 जनवरी, 2024 को कराया जायेगा। दिनाँक 25.01.2024 को अवकाश की स्थिति में यह कार्यक्रम दिनाँक 24 जनवरी, 2024 को आयोजित किया जायेगा। | समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण |
| 3 | समस्त शासकीय कार्यालयों एवं स्कूल/कॉलेजों में दिनाँक 25.01.2024 को अवकाश की स्थिति में दिनाँक 24 जनवरी, 2024 को शपथ ग्रहण का आयोजन कराया जायेगा। | 1–नोडल अधिकारी, उच्च शिक्षा, बलरामपुर।<br>2–जिला विद्यालय निरीक्षक, बलरामपुर।<br>3–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलरामपुर।<br>4–समस्त जनपद स्तरीय अधिकारीगण। |
| 4 | दिनाँक 25.01.2024 को विकास खण्डवार विद्यालयों, इण्टर कॉलेजों एवं मदरसा में मतदाता जागरूकता एवं उपरोक्त थीम पर आधारित निबन्ध प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, डिबेट आदि गतिविधि कार्यक्रम आयोजित कराये जायेंगे। दिनाँक 25.01.2024 को | 1–जिला विद्यालय निरीक्षक, बलरामपुर।<br>2–जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलरामपुर।<br>3–जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, बलरामपुर। |

CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | अवकाश की स्थिति में यह कार्यक्रम दिनाँक 24.01.2024 को आयोजित किया जायेगा। | |
| 5 | दिनाँक 25.01.2024 को मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कराया जायेगा। दिनाँक 25.01.2024 को अवकाश की स्थिति में यह कार्यक्रम दिनाँक 24.01.2024 को आयोजित किया जायेगा। | जिला युवा कल्याण अधिकारी बलरामपुर, जिला क्रीड़ा अधिकारी बलरामपुर एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस नगर बलरामपुर द्वारा आपस में समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया जायेगा। इस कार्यक्रम हेतु सुरक्षा व्यवस्था का दायित्व क्षेत्राधिकारी पुलिस, नगर बलरामपुर द्वारा निर्वहन किया जायेगा। |
| 6 | दिनाँक 25.01.2024 को आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता व उपरोक्त थीम पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता कार्यक्रम का जनपद स्तर एवं विकास खण्ड स्तर पर आयोजन। दिनाँक 25.01.2024 को अवकाश की स्थिति में यह कार्यक्रम दिनाँक 24.01.2024 को आयोजित किया जायेगा। | जिला कार्यक्रम अधिकारी, बलरामपुर। |
| 7 | दिनाँक 25.01.2024 को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से ग्रामों में मतदाताओं को जागरूक करते हुए शपथ दिलाया जायेगा। दिनाँक 25.01.2024 को अवकाश की स्थिति में यह कार्यक्रम दिनाँक 24.01.2024 को आयोजित किया जायेगा। | उपायुक्त(स्वतः रोजगार), बलरामपुर, जिला पंचायत राज अधिकारी, बलरामपुर से समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम सम्पन्न करायेंगी। |
| 8 | अभ्युदय कोचिंग सेंटर, गर्वनमेंट इण्टर कॉलेज, एम0पी0पी0 इण्टर कालेज, एम0एल0के0 पी0जी0 कॉलेज में मतदाता जागरूकता एवं उपरोक्त थीम पर आधारित डिस्कशन आदि गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। | 1–जिला विद्यालय निरीक्षक, बलरामपुर।<br>2–जिला समाज कल्याण अधिकारी, बलरामपुर।<br>3–सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई, बलरामपुर। |
| 9 | जनपद स्तर पर स्थानीय समाचार पत्रों, रेडियो, इलेक्ट्रानिक मीडिया, बैनर/होर्डिंग, पोस्टर पम्पलेट आदि के माध्यम से राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जायेगा। | जिला सूचना अधिकारी, बलरामपुर। |
| 10 | भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक सेंटर पर बी0एल0ओ0 द्वारा | उप जिला निर्वाचन अधिकारी, बलरामपुर। |

CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। | |

उपरोक्त कार्यक्रम में उच्च स्तर से प्राप्त निम्नलिखित निर्देशों का भी अनुपालन किया जाना है:–

1. राष्ट्रीय मतदाता दिवस व मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम में कोविड बचाव हेतु सम्बन्धित गाइडलाइन/नियमों का अनुपालन किया जायेगा।
2. कार्यक्रम को आयोजित कराते हुए उसे सोशल मीडिया हैण्डल पर हैशटैग **#NVD 2024** का प्रयोग करते हुए शेयर किया जायेगा।
3. विशेष प्रयास कर कार्यक्रमों में PwD, थर्ड जेंडर, महिलाओं व वरिष्ठ नागरिकों(विशेषकर 80 प्लस मतदाताओं) एवं दुर्बल वर्ग के मतदाताओं को सम्मिलित करते हुए उन्हें सम्मानित किया जायेगा।
4. निर्वाचन से सम्बन्धित कार्यक्रम व प्रस्तुतीकरण में, सोशल मीडिया हैण्डल आदि पर थीम **"Nothing like voting, I vote for sure" "वोट जैसा कुछ नहीं, वोट ज़रूर डालेंगे हम"** के लोगो का प्रयोग किया जाये।
5. राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में मतदाता शपथ कार्यक्रम अवश्य सम्पन्न किया जाये।
6. राष्ट्रीय मतदाता दिवस–2024 का आयोजन प्रातः 11.00 बजे से तथा मतदाता शपथ का कार्यक्रम प्रातः 11.30 बजे से आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। आयोग से दिशा–निर्देश प्राप्त होने पर समय में परिवर्तन भी हो सकता है।

उपरोक्तानुसार समस्त कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु जनपद स्तर पर **जिला विकास अधिकारी, बलरामपुर** को **नोडल अधिकारी** नामित किया जाता है।

सम्बन्धित अधिकारीगण, कृपया उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित करें।

**(संजीव कुमार मौर्या)**
**मुख्य विकास अधिकारी,**
**बलरामपुर।**

**पत्रांक व दिनाँक उपरोक्तानुसार।**
**प्रतिलिपिः–**

1. निम्नलिखित को सादर अवलोकनार्थ।
   (i) जिलाधिकारी महोदय, बलरामपुर।
   (ii) पुलिस अधीक्षक महोदय, बलरामपुर।
2. निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
   (i) अपर जिलाधिकारी(वित्त एवं राजस्व), बलरामपुर।
   (ii) अपर पुलिस अधीक्षक, बलरामपुर।
   (iii) उपरोक्तानुसार सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

**मुख्य विकास अधिकारी,**
**बलरामपुर।**

CamScanner